प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 08.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को ऋण सुविधा उपलब्ध हो और वह विश्वास के साथ आगे बढ़ सके। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि इस योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना के लाभार्थियों में से पचास प्रतिशत अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के समुदायों से हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना की 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस योजना ने वित्तीय समावेश के साथ साथ सामाजिक समावेश और आर्थिक स्वतंत्रता भी सुनिश्चित की है। प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के साथ अपने निवास पर बातचीत भी की। इस दौरान लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री को अपने उद्यमिता अनुभव सुनाए। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत में समावेशी उद्यमिता को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका को मान्यता दी है।

00000

देशभर में आज से पोषण पखवाडे के 7वें संस्करण की शुरूआत हुई। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से आयोजित ये कार्यक्रम कुपोषण से निपटने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है।

इस वर्ष के पोषण पखवाड़े का फोकस चार मुख्य विषयों पर है – जीवन के पहले 1000 दिनों के दौरान देखभाल, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार–प्रसार, कुपोषण का प्रभावी प्रबंधन, और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना। पोषण अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरी लड़कियों और छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों को सुधारना है। इसकी शुरूआत से अब तक पोषण पखवाड़े के छह सफल संस्करण आयोजित किए गए हैं, जिससे राष्ट्रीय पोषण मिशन में जागरूकता और समुदाय की भागीदारी बढ़ी है। पोषण पखवाडे के तहत प्रदेश में कई जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज हनुमानगढ़ जिले के दौरे पर है। वे वहां लखूवाली हेड, घग्घर डायवर्जन चैनल और घग्घर नदी का निरीक्षण कर रहे है। उनका भाकडा नहर क्षेत्र से संबंधित किसानों के साथ संवाद का भी कार्यक्रम है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने बजट 2025–26 पर चर्चा के दौरान घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र में 325 करोड़ रूपये की लागत से बाढ सुरक्षा की दृष्टि से कार्य करवाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री कल श्रीगंगानगर जायेंगे वे वहां नई धानमण्डी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद का शुभारम्भ करेंगे। मुख्यमंत्री किसानों और व्यापारियों के साथ संवाद भी करेंगे। श्री शर्मा शिवपुर हेड का जायजा लेंगे। इसके बाद वे जिले के सूरतगढ़ पहुंचकर सुपर थर्मल पावर स्टेशन का निरीक्षण कर विद्युत उत्पादन कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे।

00000

प्रदेश में तेज गर्मी के असर से विभिन्न स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लू चलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। बीते 24 घंटों में बाडमेर और जैसलमेर में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार रहा। राज्य के लगभग सभी स्थानों पर दिन का तापमान 42 से 45 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है। आगामी तीन–चार दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढोतरी की संभावना व्यक्त की गई है। बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा और जयपुर संभाग के अधिकांश क्षेत्रों में आज और कल हीटवेव का असर रहने की संभावना है। वहीं जोधपुर, बीकानेर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं तेज हीटवेव चलने की आशंका है। 10–11 अप्रेल से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पश्चिमी और उत्तरी भागो में हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आ

सकती है। लू और तापघात से बचने के लिए विभिन्न जिलों में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही है। भीलवाडा के चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में महात्मा गांधी अस्पताल के बाहर प्याऊ लगाई गई है और ओआरएस का पाउडर निशुल्क वितरित करने की व्यवस्था की गई है। वहीं आमजन से अपील की जा रही है कि वे ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थो का उपयोग करें और अनावश्यक धूप में जाने से बचे।

00000

पाली में भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव की आज से शुरूआत हुई। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में आज 12 लाख नवकार मंत्र का जाप किया गया। अणुव्रत नगर के मैदान में हुए इस कार्यक्रम में 60 मिनट में 4000 हजार लोगों ने एक साथ एक घंटे में यह जाप किया। शाम को भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा और भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली जायेगी।

00000